भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4021
25 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए

हरियाणा में प्रधान मंत्री मत्स्यसंपदा योजना

4021. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा प्रधान मंत्री मत्स्यसंपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत हरियाणा में अब तक जिलावार कितने जलकृषि पार्क स्थापित किए गए हैं;

(ख) पीएमएमएसवाई के अंतर्गत हरियाणा के सोनीपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित/प्रस्तावित परियोजनाओं की संख्या कितनी है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) हरियाणा के कितने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग विशेषकर सोनीपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में पीएमएमएसवाई के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान पीएमएमएसवाई के अंतर्गत जिलावार कितनी धनराशि आवंटित/संवितरित/उपयोग की गई;

(ङ) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान पीएमएमएसवाई के संबंध में कोई अध्ययन किया है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी जिलावार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री
(श्री जॉर्ज कुरियन)

(क) से (च) : मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने विगत चार वर्षों (2020-21 से 2023-24) और वर्तमान वर्ष (2024-25) के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत राज्य में मात्स्यिकी और जलीय कृषि के विकास के लिए 262.16 करोड़ रुपए के केंद्रीय अंश के साथ 760.87 करोड़ रुपए की कुल लागत पर हरियाणा सरकार के मात्स्यिकी विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इसमें हरियाणा के भिवानी के गरवा गांव में खारे जलीय कृषि के विकास पर केंद्रित एक एकीकृत एक्वा पार्क की स्थापना के लिए मंजूरी शामिल है, जिसकी कुल लागत 98.90 करोड़ रुपए है और इसमें 48.68 करोड़ रुपए का केंद्रीय अंश है। हरियाणा सरकार ने सूचित किया है कि पीएमएमएसवाई के अंतर्गत हरियाणा के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में कुल 235 परियोजनाएं स्थापित/प्रस्तावित हैं और इन परियोजनाओं का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है। हरियाणा सरकार द्वारा विगत चार वर्षों (2020-21 से 2023-24) और वर्तमान वर्ष (2024-25) के दौरान पीएमएमएसवाई के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का जिलावार विवरण अनुबंध-II में दिया गया है। हरियाणा सहित सभी राज्यों में पीएमएमएसवाई के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से मूल्यांकन अध्ययन कराया गया है।

*****

अनुबंध-I

हरियाणा में पीएमएमएसवाई के संबंध में 25 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए माननीय संसद सदस्य श्री सतपाल ब्रह्मचारी द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4021 के उत्तर में उल्लिखित विवरण: पीएमएमएसवाई के अंतर्गत हरियाणा के सोनीपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित/प्रस्तावित परियोजनाओं की संख्या

क्र.सं	**घटक**	**स्थापित परियोजनाओं की संख्या**
1	नए फ्रेश वॉटर फिनफिश हैचरी की स्थापना	1
2	नये सीड रियरिंग तालाबों का निर्माण	3
3	नये ग्रो-आउट-तालाबों का निर्माण।	91
4	लवणीय/क्षारीय क्षेत्र के लिए नए तालाबों का निर्माण	54
5	बायोफ्लोक (4 मीटर व्यास और 1.5 ऊंचाई के 50 टैंक) कल्चर सिस्टम	3
6	बायोफ्लोक (4 मीटर व्यास और 1.5 ऊंचाई के 25 टैंक) कल्चर सिस्टम	11
7	बायोफ्लोक (4 मीटर व्यास और 1.5 ऊंचाई के 7 टैंक) कल्चर सिस्टम	8
8	लार्ज रिसर्क्युलेटरी एक्काकल्चर सिस्टम की स्थापना (न्यूनतम 90मी^{3} के 8 टैंक/ टैंक क्षमता 40 टन/क्रॉप के साथ)	9
9	आइस बॉक्स के साथ साइकिल	26
10	आइस बॉक्स के साथ मोटर साइकिल	17
11	आइस बॉक्स के साथ थ्री वीलर	4
12	फिश फीड मिल की उत्पादन क्षमता 2 टन/दिन	1
13	फिश कियोस्क जिसमें एक्वेरियम/ओरनामेन्टल फिश कियोस्क शामिल हैं	7
	कुल	**235**

*****

अनुबंध - II

हरियाणा में पीएमएमएसवाई के संबंध में 25 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए माननीय संसद सदस्य श्री सतपाल ब्रह्मचारी द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4021 के उत्तर में उल्लिखित विवरण: विगत चार वर्षों (2020-21 से 2023-24) और वर्तमान वर्ष (2024-25) के दौरान पीएमएमएसवाई के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई जिलावार धनराशि

			(रुपए लाख में)
क्र. सं.	**जिले का नाम**	**आवंटित धन**	**उपयोग की गई धनराशि**
1	अंबाला	290.52	144.49
2	भिवानी	1587.04	781.51
3	चरकी दादरी	667.30	264.01
4	फरीदाबाद	192.37	138.66
5	फतेहाबाद	1062.43	830.41
6	गुरुग्राम	976.21	533.30
7	हिसार	752.84	388.38
8	झज्जर	772.87	511.14
9	जींद	690.78	455.35
10	कैथल	713.69	442.89
11	करनाल	631.14	215.17
12	कुरुक्षेत्र	341.26	230.02
13	महेंद्रगढ़	102.14	126.14
14	मेवात	985.73	510.20
15	पलवल	629.18	358.81
16	पानीपत	593.21	426.23
17	पंचकुला	251.36	152.14
18	रेवाड़ी	224.37	160.30
19	रोहतक	1306.77	762.88
20	सिरसा	4546.92	3091.00
21	सोनीपत	1065.87	862.15
22	यमुनानगर	153.23	107.19
	कुल	**18537.21**	**11492.38**

*****